| |
|---|
| दिनांक 27.10.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 34/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद भदोही/थाना ऊंच</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 26.10.2025 की रात्रि थाना ऊंच पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कालिजर मोड़ नहर पुलिया पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया, तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त जावेद अहमद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना ऊंच पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद भदोही, चंदौली व कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों पर हत्या, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना ऊंच पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–जावेद अहमद निवासी पुरानी बाजार बिहका पूरामुफ्ती थाना पूरामुफ्ती, प्रयागराज।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद भदोही/थाना गोपीगंज

**• पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

**• 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 26.10.2025 की रात्रि थाना गोपीगंज व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम अमवा माफी के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मुनव्वर घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना गोपीगंज पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गोपीगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुनव्वर निवासी अमवा माफी थाना गोपीगंज जनपद भदोही।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद देवरिया/थाना कोतवाली

**• लूट की घटना का अनावरण**

**• 06 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• लूट के 84 हजार 360 रूपये नगद**

**• 05 मोबाइल फोन**

**• 03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस**

**• घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 26.10.2025 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परसिया चौराहा के पास से 06 अभियुक्तों 1– उत्कर्ष 2– संत उर्फ दीपक 3– प्रशान्त

4–राज सिंह उर्फ धोनी 5–अभिषेक 6–आशुतोष को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 84 हजार 360 रूपये नगद, 05 मोबाइल फोन, 03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.10.2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–उत्कर्ष निवासी मुन्सफ कालोनी वन विभाग के पीछे रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली जनपद देवरिया।

2–संत उर्फ दीपक निवासी मुन्सफ कालोनी रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली जनपद देवरिया।

3–प्रशान्त निवासी महुई बुजुर्ग थाना सिकरी गंज जनपद गोरखपुर।

4–राज सिंह उर्फ धोनी निवासी आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर।

5–अभिषेक निवासी मुसहरी बाजार विरवतपुर, थाना बिजयीपुर जनपद गोपालगंज बिहार।

6–आशुतोष निवासी उमानंगर देवरिया एसकेवाई स्कूल के पास थाना कोतवाली जनपद देवरिया।

**बरामदगी**

1–लूट के 84 हजार 360 रूपये नगद।

2–05 मोबाइल फोन।

3–03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक**

**• पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• लूटे गये पीली धातु के आभूषण**

**• 01 मोबाइल फोन**

**• घटना में प्रयुक्त ई–ऑटो**

**• 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 27.10.2025 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रिछपाल गढी पुलिया के पास ई–ऑटो सवार बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–इरफान 2–सादाब घायल हो गये, जिन्हें अभियुक्त 3–अमन 4–नाजिम सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये पीली धातु के आभूषण, 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त ई–ऑटो, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इरफान निवासी आफताफ कालोनी डासना थाना वेवसिटी, गाजियाबाद।

2–सादाब निवासी यासीन गढी डासना थाना वेवसिटी, गाजियाबाद।

3–अमन निवासी कुशलिया थाना मसूरी गाजियाबाद।

4–नाजिम निवासी कुशलिया थाना मसूरी गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–लूटे गये पीली धातु के आभूषण।

2–01 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त ई–ऑटो।

4–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद मुरादाबाद/थाना कोतवाली नगर

**• चोरी/ठगी की घटना का अनावरण**

**• 04 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• चोरी/ठगी के माल बिक्री के 01 लाख 50 हजार 500 रूपये नगद**

**• पीली धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–मोहन 2–अमित 3–राहुल 4–अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी/ठगी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी/ठगी के माल बिक्री के 01 लाख 50 हजार 500 रूपये नगद, पीली धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.10.2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी/ठगी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये चोरी/ठगी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मोहन निवासी रघुवीरनगर, राजौरी गार्डन थाना 830 ख्याला पूर्वी दिल्ली।

2–अमित निवासी रघुवीरनगर, राजौरी गार्डन थाना 830 ख्याला पूर्वी दिल्ली।

3–राहुल निवासी रघुवीरनगर, राजौरी गार्डन थाना 830 ख्याला पूर्वी दिल्ली।

4–अभियुक्ता

**बरामदगी**

1—चोरी/ठगी के माल बिक्री के 01 लाख 50 हजार 500 रूपये नगद।

2—पीली धातु के आभूषण आदि।

## जनपद शामली/थाना आदर्शमण्डी

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 13 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2025 को थाना आदर्शमण्डी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मुण्डेट नहर पुल के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—शौकिन्द्र 2—विशाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 13 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शौकिन्द्र निवासी ठाकुरद्वारा कस्बा ऊन थाना झिंझाना जनपद शामली।

2—विशाल निवासी ब्रहम्नान कस्बा ऊन थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1—चोरी की 13 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद चंदौली/थाना चंदौली

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 13 लाख रूपये कीमत के 52 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 कार आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2025 को थाना चंदौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लीलापुर फाटक हाईवे के पास से अभियुक्त चाँद बाबू को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 13 लाख रूपये कीमत के 52 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, 01 कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चंदौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—चाँद बाबू निवासी वार्ड नं0—15 सुभाष नगर सैदपुर जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 13 लाख रूपये कीमत के 52 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा।

2—01 कार आदि।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना मिर्जापुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 लाख 40 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 405 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनाँकः 27.10.2025 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नाखासा तिराहा से अभियुक्त कुलदीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 लाख 40 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 405 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कुलदीप निवासी कूरा बंडा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी**

1—01 लाख 40 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 405 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम।

2—01 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल।

- **<u>जनपद औरैया/थाना फफूंद (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास की सजा व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद औरैया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद औरैया द्वारा थाना फफूंद पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376(3)363/366 भादवि, 4 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त विजय को आजीवन सश्रम कारावास व 36 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद सिद्धार्थनगर/थाना बांसी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना बांसी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376(3) भादवि सपठित धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त आचार्यनाथ उर्फ पंडित को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद अम्बेडकरनगर/थाना भीटी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 36 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा थाना भीटी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अरविन्द को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 36 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————